NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No :205/NCRES/20 Date : 8.10.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :— आगरा मण्डल की मांग के अनुसार विद्युत पंखों की आपूर्ति न किया जाना।

महोदय,

NCRES के संज्ञान में लाया गया है कि आगरा मंडल के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता की मांग के अनुसार विद्युत पंखों की आपूर्ति डिप्टी सी.एम.एम., झांसी द्वारा नही किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों के आवासों में खराब पंखों का बदलाव सम्भव नही हो पा रहा है और न ही नये आवासों में समय से पंखे लग पा रहे है जिसके कारण इस उमस भरी गर्मी में कर्मचारियों को कार्य करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आगरा मंडल द्वारा किये गये इन्डेन्ट व डिप्टी सी.एम.एम. झांसी, द्वारा आपूर्ति किये गये पंखों की संख्या के विवरण (संलग्न) से स्पष्ट है कि मांग के अनुरूप आपूर्ति बहुत कम किया गया है जिसके कारण कर्मचारियों को परेशानी हो रही है व उनके कार्य करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

अतः अनुरोध है कि आगरा मंडल द्वारा दिये गये मांग पत्र के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये डिप्टी सी.एम.एम. झांसी, को उचित आदेश करने का कष्ट करें जिससे कर्मचारियों के आवासों व अन्य आवश्यक स्थानों पर पंखा लगवाना सुनिश्चित किया जा सके।

संलग्नः— आगरा मंडल द्वारा किये गये इन्डेन्ट और आपूर्ति किये गये पंखों की संख्या का विवरण।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

Details of ceiling fan demand and received for Dy. CMM/Jhs Store.

Sr. no.	Item Description	PL no.	Sanctioned AAC		Demand Qty in		Received Qty.	
			2019-20	2020-21	2019-20	2020-21	2019-20	2020-21 (Up to 10.09.2020)
1	AC ceiling fan with regulator 1400 mm.	42500904	1300 Nos.	1300 Nos.	3100 Nos.	1572 Nos.	920 Nos.	568 Nos.